Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 10-03-2006

Participants : Budholiya Shri Rajnarayan

an>

Title : Need to accord clearance by the Forest Department for construction of road and bridge between Rath (Hamirpur) and Garautha (Jhansi).

श्री राजनरायन बुधौलिया (हमीरपुर, उ.प्र.) : अध्यक्ष महोदय, उ0प्र0 में विकास कार्यो से संबंधित अनेक बड़ी योजनाएं संचालित हो रही हैं। उन स्वीकृत योजनाओं का पैसा भी संबंधित विभागों के कोा में राज्य सरकार द्वारा भेजा जा चुका है। टेंडर आदि की प्रक्रिया भी पूरी कर ली जाती है। जब ठेकेदार अथवा संबंधित विभाग के सरकारी कर्मचारी काम करने लाते हैं तब वन विभाग के अधिकारी अकारण अपनी जमीन दिखाकर अनेक जनहित से जुड़ी महत्वपूर्ण योजनाओं में रोक लगाकर अवरोध पैदा कर रहे हैं। इससे जनता में काफी जनाक्रोश है। उदाहरण के तौर पर मेरे ही संसदीय क्षेत्र हमीरपुर में, राठ जिला हमीरपुर से गरौठा, जिला झांसी तक बनने वाली सड़क एवं बीच में बेतवा नदी पर लम्बी लागत से बनने वाले पुल का निर्माण वन विभाग द्वारा रोक दिया गया है।

अतः सदन के माध्यम से मेरा माननीय मंत्री जी से अनुरोध है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के राठ से गरौठा तक बनने वाली सड़क एवं बीच में बेरवा नदी पर राज्य सरकार द्वारा लम्बी लागत से बनने वाले पुल के निर्माण में उत्पन्न गतिरोध एवं उत्तर प्रदेश में जनहित से जुड़ी विकास योजनाओं में वन विभाग से आने वाले अवरोध को शीघ्र दूर करने हेतु आवश्यक निर्देश जारी करने का कट करें।

(ix) **Need to review the implementation of Centrally Sponsored Schemes in Lakhimpur Khiri district, Uttar Pradesh**